आदिवासियों में अन्धविश्वास

4220. श्री अजीत जोशी : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में विशेष रूप से झाबुआ, बस्तर, सरगुजा और मांडला जिलों में कुछ आदिवासी अभी भी जादू-टोना करते है तथा उसमें विश्वास रखते है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रकार के अन्ध विश्वासों को समाप्त करने और राज्य में आदिवासियों के दिमागों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना पैदा करने की दृष्टि से सरकार ने कौन सी योजनाएं बनाई है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० व्हो० यंग्काबाल):(क)से (ग) सूचना मध्य प्रदेश सरकार से एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर उसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।

Financial Assistance for handicapped girls in U.P.

4221. SHRI SANJAY DALMIA : Will the Minister of WELFARE be pleased to state :

(a) whether centres are being run for the handicapped girls in Uttar Pradesh ;

(b) whether central assistance is being provided to these centres ; and

(c) if so, the details of financial assistance provided during the last three years, centre-wise ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K. V. THANGKA BALU) : (a) and (b) There are no centres exclusively for handicapped girls in U.P. However, assistance is given to voluntary organisations in U.P. for running schools/vocational training centres for welfare of the handicapped, which are open to both handicapped girls and boys.

(c) A list showing grant-in-aid provided during the last three years is attached herewith as Statement.

Statemment

List of NGOS Who have Received Grant-in-Aid for 1991-92, 1992-93 *and* 1993-94

S. No.	Name of the Organisation	1991-92	1992-93	1993-94
UTTAR PRADESH				
1	Netaji Subhash Vidya Mandir, Rampur	6.77	15.91	19.22
2	National Association for the Blinds, Aligarh	2.11	3.58	1.08
3	Allahabad Gram Swasthya Sewa Samiti	—	0.95	0.68
4	K. L. Shastri Smarak Sansthan, Kanpur	—	1.02	0.84
5	Shri Kanchi Kamokti Peetam Shankara Sewa Charitable Trust, Hardwar.	—	1.18	—
6	Paohari Samiti Parishad, Gazipur	—	0.61	1.88
7	Swami Arjanand Andh Vidyalaya, Hardwar	8.01	6.75	6.39
8	Chetna Lucknow	5.02	2.43	7.40
9	Viklang Kendra, Allahabad	1.27	2.97	4.72
10	Pragnarain Mook Badhir Samiti, Aligarh	3.35	2.62	2.74
11	Sur Smarak Mandal, Agra	3.28	5.91	1.71
12	Shri Hanuman Poddar Andh Vidyalaya, Varanasi	6.98	7.44	7.46
13	Deaf & Dumb School, Azamgarh	1.35	3.23	4.26
14	N. C. Chaturvedi School for the Deaf, Lucknow	7.11	5.20	2.04
15	Shaheed Memorial Society, Lucknow	4.75	3.04	6.23
16	B. C. C. School for the Deaf	3.12	1.21	1.55
17	Mangalam, Lucknow	1.38	1.81	1.84
18	Vrindavan Andh Vidyalaya, Mathura	2.58	3.10	3.73
19	Goonge Bahron Ka School, Kanpur	7.42	10.98	12.33
20	Raphael Ryder Cheshire International Centre, Dehradun.	2.46	3.47	1.73
21	Deaf & Dumb School, Meerut	4.79	4.08	4.25
22	Nanhi Duniya Badhir Vidyalaya Society, Dehradun	10.72	3.32	7.86
23	U. P. Deaf & Dumb Institute, Allahabad	1.91	2.97	4.05
24	Akhil Bhartiya Viklang Kendra Samiti Mandal, Faizabad.	—	2.50	13.69

1	2	3	4	5
25	Saraswati Badhni Sewa Samiti Lucknow . . .	—	1.76	0.86
26	National Fellowship Rehab. Centre for Blind, Allahabad.	—	4·27	0.70
27	Jahangir Memorial Charitable Hospital, Allahabad .	—	—	0.82
28	Handicapped Development Council, Agra . .	—	—	0.70
29	Paryavaran Jan Jagaran Samiti, Almora . .	1.27	—	1.61
30	Abhinay Reportary Theatre & Res. Institute, Lucknow.	0.41	—	3.41
31	Jan Sewa Sansthan, Allahabad	—	—	1.68
32	Gaurav Jan Kalyan Samiti, Allahabad . . .	—	—	0.90
33	National Instt. of Social Welfare, Faizabad . .	—	—	2.47
34	Avadh Sansitha, Ayodhya	—	—	3.60
35	Noor Mohd. Charitable Society, Allahabad . .	—	—	3.05
36	Bahujan Hitai Sansthan, Barabanki	—	—	3.84
37	Manav Vikas Sansthan, Hardwar .	—	—	0.78

उत्तर प्रदेश में स्वैच्छिक संगठनों को आर्थिक सहायता

4222. **श्री संजय डालमिया :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में आर्थिक सहायता हेतु विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों से कुल कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए;

(ख) उनमें से कितने आवेदन सरकार द्वारा स्वीकृत किए गये और प्रत्येक को कितनी-कितनी आर्थिक सहायता दी गई; और

(ग) कितने आवेदन पत्र लम्बित है और उनके बारे में लिये गये निर्णय की जानकारी कब तक मिल जायेगी ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंगकाबालू): (क) कल्याण मंत्रालय द्वारा सहायता-अनुदान हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या

1992–93 . . .	168
1993–94 . . .	306
कुल	474

(ख) वित्तीय सहायता के लिए 150 संगठनों को शामिल करते हुए 201 आवेदनों को अनुमोदित किया जा चुका है। इन संगठनों के नाम तथा निर्मुक्त सहायतानुदान अनुबंध में दिये गये हैं [देखिए परिशिष्ट 170, अनुपत्र संख्या 80]। 149 आवेदन रद्द किये गये।

(ग) 124 आवेदन पत्र लम्बित हैं। वित्तीय सहायता के लिए पात्र लम्बित आवेदन पत्रों पर सभाओं की उपलब्धता तथा संगठनों एवं संबंधित राज्य सरकारों से जहां कहीं आवश्यक हो, आवश्यक सूचना/स्पष्टीकरण के प्राप्त होने पर या तो चालू वित्त वर्ष के दौरान अथवा परवर्ती वित्त वर्षों के दौरान विचार किया जाएगा।

गुजरात में अनुसूचित जातियों की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए योजनाएं

4223. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनुसूचित जातियों की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए किन-किन राज्यों में योजना आरम्भ की गई है।

(ख) क्या अनुसूचित जातियों की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए ऐसी ही कोई योजना गुजरात में विशेषतः सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों में आरम्भ की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना के अधीन अभी तक हुई उपलब्धि का ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंगकाबालू) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रावास भवन

4224. **श्री लक्खीराम अग्रवाल :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा प्रवर्तित योजना के अधीन अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों/छात्राओं के लिए मैदानी क्षेत्रों तथा पहाड़ी क्षेत्रों पर भवन निर्माण की अलग-अलग अधिकतम सीमाएं निर्धारित की गई है;